M.P. Trade & Investment Facilitation Corporation Ltd.
IIPAS
06 OCT 2018
Inward No. 3435

मध्यप्रदेश शासन

उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग,

//आदेश//

भोपाल, दिनांक 05.अक्टूबर, 2018

क्रमांक एफ 16-23/2018/ए-ग्यारह:: राज्य शासन एतद् द्वारा मेसर्स आई.टी.सी. लि. द्वारा औद्योगिक क्षेत्र बडियाखेड़ी, जिला-सीहोर में प्लांट एवं मशीनरी में लगभग रू. 187.00 करोड़ के पूंजी निवेश से एकीकृत खाद्य प्रसंस्करण परियोजना स्थापना संबंधी पुनरीक्षित प्रस्ताव को परियोजना में बडी संख्या में रोजगार के अवसर एवं फोकस सेक्टर अन्तर्गत होने के दृष्टिगत निम्नानुसार सुविधाएं दिये जाने का निर्णय लिया गया-

1. **भूमि आवंटन** – औद्योगिक क्षेत्र बडियाखेड़ी, जिला-सीहोर में देय प्रब्याजी पर 50% की छूट तथा देय विकास शुल्क पर 25% की छूट देते हुए इकाई को 59.65 एकड भूमि आवंटित की जाती है ।
2. **विद्युत टेरिफ में रियायत** - वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की दिनांक से 5 वर्षों हेतु रू. 5/- प्रति यूनिट की स्थिर दर से विद्युत उपलब्ध करायी जावे, किन्तु यह रियायत 31 मार्च, 2027 के पश्चात देय नही होगी। संबंधित विद्युत वितरण कम्पनी देयक की शेष राशि (यदि कोई हो तो) मध्यप्रदेश ट्रायफेक से अनुदान के रूप में प्राप्त कर सकेगी।
3. परियोजना को उद्योग सवंर्धन नीति 2014 (यथा संशोधित 2018) अन्तर्गत प्रावधानित सुविधाओं का लाभ शर्तों के अध्याधीन प्राप्त होगा।
4. ग्रुप कम्पनी की परियोजना को स्वीकृत सुविधाओं का लाभ इस शर्त पर प्राप्त होगा कि इस परिप्रेक्ष्य में आदेश जारी होने के दिनांक से 3 वर्ष में परियोजना में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ कर लिया जावेगा।
5. कम्पनी की शेष अन्य मांगों को अमान्य किया गया।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

5/10/18

(मोहम्मद सुलेमान)
प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग

पृ.क्रमांक एफ 16-23/2018/ए-ग्यारह भोपाल, दिनांक 05.अक्टूबर, 2018

प्रतिलिपि :-

1/ प्रमुख सचिव(समन्वय), मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।

2/ अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग/ऊर्जा विभाग/ वित्त विभाग मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, वल्लभ भवन भोपाल ।

3/ प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल।

4/ आयुक्त, भोपाल संभाग भोपाल ।

5/ कलेक्टर, जिला सीहोर ।

6/ प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम(भोपाल) लिमि., भोपाल ।

7/ अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, मेसर्स आई.टी.सी. लिमि., सेन्ट्रल प्रोजेक्टस् ऑगेनाईजेशन, न. 18, बनसवाडी मेन रोड, मारूतिसेवा नगर, बैंगलोर-560005

- की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

प्रमुख सचिव
मध्यप्रदेश शासन
उदयोग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग